पर प्रभाव पड़ सकता हो और वह इसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाती है ।

पूर्वोत्तर भारत में बंगला देश द्वारा विद्रोहियों को सहायता देना

263. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठ मलानी :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान "बंगला देश एडग रैबल्स इन एन0ई0 इण्डिया शीर्षक से 16 जुलाई, 1990 के "दि स्टेट्समैन" में प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और क्या सरकार ने इस मामले पर बंगला देश सरकार के साथ बात चीत की है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) जी हां । श्रीमान, ।

(ख) तीन उग्रवादी बंगला देश के सिलहट जिले को जाने की कोशिश कर रहे थे । इस मामले को बंगला देश सरकार के साथ नहीं उठाया गया है।

दिल्ली में यमुना नदी पर पुल

214. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठ मलानी :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिल्ली में यमुना पार जनसंख्या में वृद्धि के कारण बिगड़ती परिवहन सुविधाओं की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या सरकार यमुना नदी पर वर्तमान अस्थायी "पैंटून पुल" के स्थान पर एक स्थायी पुल बनाने का विचार रखती है ताकि वर्तमान परिवहन प्रणाली की बिगड़ती हुई स्थिति को रोका जा सके ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो, तो इसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री के० पी० उन्नीकृष्णन) : (क) दिल्ली प्रशासन को, जो सघ क्षेत्र में यमुना पार की जनता के लिए सड़कों एवं पुलों की व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है, यातायात में वृद्धि की जानकारी है ।

(ख) और (ग) जी नहीं, क्योंकि मौजूदा पैंटून पुल के सम्पर्क मार्ग एक ऊंचे स्थाई पुल के लिए उपयुक्त नहीं है ।

Supply of Soivet Tanks to Pakistan

265. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Governmen$_t$ are aware of the reports of Soviet tanks being supplied to Pakistan through third countries;

(b) if so, what are the details thereof and Government's reaction therto; and

(c) whether Government have taken up the matter with Government of USSR, if so, the details thereof?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) to (c) The Government is aware of Pakistan's efforts to acquire Soviet-origin tanks from various countries, though there is no confirmation about such supplies having taken place. Government is not aware or any move by the Soviet Union to sell tanks to Pakistan.